

अभिषेक को मैंने पास कर दिया जिसके बाद डी के अंदर जुगराज ने डिफलेक्ट करके गोल किया। मैच के 56वें मिनट में चीन ने भारतीय बढ़त को बराबर करने के लिए अपने गोलकीपर को हटा लिया।

– हरमनप्रीत सिंह

भारतीय हॉकी खिलाड़ी, अभिषेक के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## रोहित शर्मा



**रोहित शर्मा** भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच चेन्नई के एमए चदिम्बरम स्टेडयिम में 19 सतिंबर से शुरू हो रहा है। 2 टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले रोहित शर्मा ने बांग्लादेशी टीम की बयानबाजी पर खुलकर जवाब दिया है। रोहित ने कहा कि बांग्लादेशी टीम को मजे लेने दो, उनको देख लिया जाएगा। चेन्नई में होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले टीम इंडयिा के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधति किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेस में रोहित से बांग्लादेशी खलिाड़यिों के बयानबाजी पर पूछा गया। इस पर रोहित ने कहा सभी टीमों को इंडिया को हराने में मजा आता है।

**क्या आप जानते हैं ?...** फ्रांस 1938 में खेले गये तीसरे विश्व कप फुटबॉल में पहली बार मेजबान देश और गत चैम्पियन को बिना क्वालीफाई करे प्रवेश देने की प्रथा शुरू हुई।

# भारत ने पांचवीं बार एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीता

## फाइनल में चीन को 1-0 से हराया, मैच का एकमात्र गोल जुगराज ने किया



नई दिल्ली, 17 सितंबर। भारत ने लगातार दूसरी और ओवरऑल पांचवीं बार हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबले में भारत ने चीन को 1-0 से हरा दिया। मुकाबला चीन के हुलुनबुइर शहर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेला गया। इस टूर्नामेंट में भारत अजेय रहा।

मैच का एकमात्र गोल 51वें मिनट में जुगराज सिंह ने किया। चीन की टीम चार क्वार्टर के बाद भी गोल नहीं कर पाई। भारत को 4 जबकि चीन को 5 पेनल्टी कॉर्नर मिला। लेकिन दोनों टीम इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकीं। इससे पहले तीसरे प्लेस के लिए हुए मुकाबले में पाकिस्तान ने साउथ कोरिया को 5-2 से हरा दिया।

बराबरी पर रहा पहले क्वार्टर का खेल भारत और चीन के बीच एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहले क्वार्टर का खेल बराबरी पर रहा। पहले क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए, लेकिन चीन के डिफेंडर और गोलकीपर ने शानदार खेल दिखाते हुए उसे गोल में कन्वर्ट नहीं होने दिया। अभिषेक सिंह ने 8वें मिनट में गोल पर सीधा शॉट मारा। यहां चीन के गोलकीपर ने शानदार बचाव किया।

दूसरे और तीसरे क्वार्टर में स्कोर 0-0 दूसरे और तीसरे क्वार्टर में भारत और चीन की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। दूसरे क्वार्टर में चीन की टीम ने भारत को कड़ी टक्कर दी। भारतीय टीम को इस क्वार्टर में बहुत कम मौके मिले, लेकिन वह उसे गोल में नहीं बदल पाए। चीन के डिफेंडरों ने भारतीय अटैक का मजबूती के साथ सामना किया। इसके बाद तीसरा क्वार्टर भी बिना गोल के रहा। इस क्वार्टर में चीन की टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और कुछ मौके उन्होंने जरूर बनाए, लेकिन भारतीय डिफेंडर ने उनकी कोशिशों को नाकाम कर दिया।





# भारत-बांग्लादेश पहला टेस्ट लाल मिट्टी वाली पिच पर होगा

## चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में मुकाबला, सही कॉम्बिनेशन की तलाश में टीम इंडिया

नई दिल्ली, 17 सितंबर। भारत-बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाना है। की रिपोर्ट के मुताबिक यह टेस्ट मैच लाल मिट्टी से बनी पिच पर खेला जाएगा। लाल मिट्टी की पिच पर बाउंस अच्छा मिलता है। चेन्नई में इन दिनों गर्मी पड़ रही है जिससे इस पिच में तीसरे दिन से स्पिनरों को भी मदद मिल सकती है।

तीन स्पिनर या 3 तेज गेंदबाज भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले टेस्ट मैच से पहले टीम मैनेजमेंट के सामने सबसे बड़ा सिरदर्द टीम कॉम्बिनेशन का है। ये तय है कि भारत, बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 5 गेंदबाजों के साथ उतरेगा। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा का खेलना तय माना जा रहा है।

इसके बाद बची हुई एक जगह के लिए अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप और यश दयाल के बीच मुकाबला रहेगा। भारत ने जब आखिरी बार घर में बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेला था, तब टीम तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरी थी। कोलकाता में खेले गए इस मैच में भारत ने पारी और 46 रन से जीत दर्ज की थी। चेन्नई के चेपॉक में अब तक 995 विकेट में से स्पिनर्स को 595 विकेट मिले हैं। 3 स्पिनर और 2 पेसर का फॉर्मूला कामयाब रहा है भारतीय पिच पर 3 स्पिनर और 2 पेसर का भारतीय फॉर्मूला बेहद कामयाब रहा है। लेकिन लाल मिट्टी की पिच की वजह से भारत 3 पेसर्स के साथ उतर सकता है।

टीम को नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी करना है, जिसकी वजह से यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। 629 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे पंत 30 दिसंबर 2022 को पंत का कार एक्सीडेंट हुआ था। इसके बाद पंत ने तेजी से रिकवरी करके क्रिकेट में वापसी की। अब वे टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने को तैयार है। पहले मैच में ध्रुव जुरेल से पहले उन्हें खिलाया जाना तय मन जा रहा है।

# एडम जैम्पा वनडे क्रिकेटा में पूरी करेंगे स्पेशल सेंचुरी

## लेकिन टेस्ट टीम में कभी नहीं होगी उनकी एंट्री

नई दिल्ली, 17 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ स्पिनर एडम जैम्पा एक माइलस्टोन को हासिल करने के बेहद करीब हैं। जब गुरुवार 19 सितंबर 2024 को वे इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज का पहला मुकाबला खेलने उतरेंगे तो वे एक स्पेशल सेंचुरी पूरी कर लेंगे। वे ऑस्ट्रेलिया के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो जाएंगे, जिन्होंने देश के लिए 100 या इससे ज्यादा वनडे इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वे अभी तक देश के लिए 99 वनडे मैच खेल चुके हैं, लेकिन एक भी टेस्ट मैच में उनको मौका नहीं मिला है। वे अब हार मान चुके हैं कि उनको शायद रेड बॉल क्रिकेट में मौका मिलेगा ही नहीं।

टेस्ट क्रिकेट खेलने के मामले में लेग स्पिनर का मानना है कि शायद वह अपना मौका चूक गए हैं – खास तौर पर एशेज के मामले में। मंगलवार को ट्रेंट ब्रिज में, जहां पांच मैचों की सीरीज शुरू होगी, एडम जैम्पा ने कहा, ''हमारे पास बहुत सारा टेस्ट क्रिकेट है और अभी भी खेलने की थोड़ी इच्छा है, लेकिन इंग्लैंड में खेलने या ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने के मामले में, मुझे नहीं लगता कि यह संभव है।'' वह पूरा गुणा गणित जानते हैं कि उनको टेस्ट क्रिकेट में मौका क्यों नहीं मिलेगा, खासकर एशेज सीरीज में जो इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाती है। नाथन लियोन एक दशक से भी अधिक समय से ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए पहली पसंद के स्पिनर की भूमिका को अपने पास रखे हुए हैं। उनके बाद टॉड मर्फ़ी, मिचेल स्वेपसन और मैथ्यू कुहनेमैन जैसे स्पिन विकल्प टीम के पास हैं। यही कारण है कि ऑस्ट्रेलिया की टीम टेस्ट क्रिकेट में जैम्पा के बिना भी आगे बढ़ सकती है। हालांकि, व्हाइट बॉल क्रिकेट में ऐसा नहीं है। 32 वर्षीय एडम जैम्पा ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च रैंकिंग वाले टी20 बॉलर और दूसरे बेस्ट रैंकिंग वाले वनडे बॉलर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ 12 वनडे मैचों में जैम्पा 26 विकेट निकाल चुके हैं।

### पाकिस्तान टेस्ट हेड कोच जेसन गिलेस्पी ने बताया

# भारत-ऑस्ट्रेलिया में इस बार कौन जीतेगा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

नई दिल्ली, 17 सितंबर। पाकिस्तान टेस्ट टीम के हेड कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी का मानना है कि टीम इंडिया भले ही शानदार फॉर्म में हो, लेकिन बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लायन की बॉलिंग टीम भारतीय बैटर्स पर भारी पड़ेगी। इस साल के इस साल के अंत में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है, जहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पहले चार टेस्ट मैच होते थे, लेकिन इस बार यह सीरीज पांच मैचों की होगी। ऑस्ट्रेलिया 2014-15 सीजन के बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने नाम नहीं कर पाया है। भारत दोनों देशों के बीच पिछली चार टेस्ट सीरीज जीतने में सफल रहा है, जिसमें से 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर ऐतिहासिक जीत भी शामिल है।

ऑस्ट्रेलिया के लिए 71 टेस्ट मैचों में 259 विकेट लेने वाले गिलेस्पी का मानना है टीम की मौजूदा बॉलिंग यूनिट के पास इस रिजल्ट को बदलने की क्षमता है। उन्होंने 'फॉक्स स्पोर्ट्स' से कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का सपोर्ट करूंगा और मैं आश्वस्त हूं कि वे इस काम को कर सकते हैं।' इस पूर्व गेंदबाज ने कहा, 'वे देश के बेस्ट बॉलर्स हैं। उनके रिकॉर्ड उनकी कामयाबी की कहानी बयां करते हैं। लायन की मौजूदगी इस चौकडी को काफी मजबूत बनाती है।'

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के मौजूदा राउंड में एक भी सीरीज नहीं हारी है। भारत ने इस राउंड में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड को हराया है, जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ उसकी सीरीज ड्रॉ रही है। गिलेस्पी ने कहा, 'भारतीय टीम शानदार फॉर्म में है और वे पिछले कुछ समय से टेस्ट मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने हालिया सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को हराया है लेकिन मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के पास इस बार भारतीय टीम को हराने का मौका है।' पांच मैचों की इस सीरीज का आगाज 22 नवंबर से पर्थ में होगा। यह 1991-92 के बाद पहली बार है जब दोनों टीमें आपस में पांच मैचों की सीरीज खेलेंगी।

# फाइनल को लेकर अक्षर पटेल का खुलासा

नई दिल्ली, 17 सितंबर। भारतीय टीम ने इस साल जून में करिश्माई तरीके से टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। साउथ अफ्रीका को 30 गेंदों में 30 रन चाहिए थे और भारत ने 7 रन से मैच जीत लिया। भारत ने 11 साल पुराना आईसीसी इवेंट नहीं जीतने का सूखा समाप्त किया। हालांकि, 15वें ओवर तक ऐसा लग रहा था कि मैच भारत के हाथ से निकल गया, क्योंकि अक्षर पटेल ने 15वां ओवर फेंका था, जिसमें 24 रन चले गए थे और आखिरी के 5 ओवरों में साउथ अफ्रीका को सिर्फ तीस रन बनाने थे और उनके हाथ में 6 विकेट थे। इस पल अक्षर पटेल के दिमाग में क्या चल रहा था? इसका खुलासा उन्होंने करीब ढ ाई महीने बाद किया है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल में बल्लेबाजी में दमदार खेल दिखाने वाले अक्षर पटेल फाइनल में अपना आखिरी ओवर करने आए तो उन्होंने 24 रन दे दिए। सभी को ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम अब मैच नहीं जीत पाएगी। एक पल के लिए अक्षर पटेल के दिमाग में भी यही आया कि मौका उनके हाथ से चला गया है। उन्होंने खेल पत्रकार विमल कुमार को दिए इंटरव्यू में कहा, ''ईमानदारी से मैं बता रहा हूं कि हां मैं डाउन था, लेकिन मुझे नहीं पता कि क्या हुआ, कैसे हुआ। मैं वह पांच-सात सेकंड के लिए थोड़ा डाउन था कि हां यार एक मौका (वर्ल्ड कप जिताने का) गंवा दिया मैंने।''

अक्षर ने आगे कहा, ''मैं सोच रहा था कि फाइनल में इतना अच्छा कर रहा हूं, सब कुछ अच्छा करते आ रहा हूं टीम के लिए इतना किया, वो पांच सात सेकंड के लिए ऐसा लगा यार इतना बड़ा मौका मेरे हाथ से चला गया, लेकिन उसके बाद उसके बाद क्या हुआ, कैसे हुआ पता ही नहीं चला। आसपास देख रहा था तो सब भाग रहे थे और सभी एनर्जी महसूस कर रहे थे तो मैंने भी अपने आप को यही बोला कि यार मैच अभी खत्म नहीं हुआ और जब मीटिंग भी हुई थी तब भी ऐसी ही बात हुई थी कि मैच में कुछ भी हो जाए हमें आखिरी बॉल से पहले अपना कॉन्फिडेंस डाउन नहीं करना है या ऐसा नहीं सोचना है कि मैच खत्म हो गया।''

# चैम्पियंस लीग फुटबॉल : 31 मई को मिलेगा चैम्पियन

लंदन, 17 सितंबर। दुनिया की सबसे बड़ी फुटबॉल लीग चैंपियंस लीग मंगलवार से शुरू हुई। 6 साल से ज्यादा की प्लानिंग, एक फेल प्रपोजल और सुपर लीग लॉन्चिंग की विफलता के बाद चैंपियंस लीग नए फॉर्मेट से एक्शन में दिखी। 6 साल में प्रतिष्ठित क्लबों ने लीग की आयोजनकर्ता यूरोपियन यूनियन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन पर बदलाव के लिए दबाव डाला, जिससे यूरोपियन फुटबॉल में उथल-पुथल मच गई। नतीजतन क्लबों को वह सब मिला, जो वे चाहते थे। मसलन अधिक टीमें, ज्यादा मैच और वे भी मजबूत कॉम्पटीटर के खिलाफ, भरपूर पैसा।

अब 32 टीमों की जगह 36 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनके बीच 189 मैच खेले जाएंगे। पिछले सीजन तक 125 मैच होते थे। प्रत्येक टीम 6 की बजाय 8 मैच खेलेगी। वो भी तीन विरोधी नहीं बल्कि 8 विरोधियों के खिलाफ। यूरोप को नया क्लब चैम्पियन अगले साल 31 मई को म्यूनिख के एलियांज एरिना पर मिलेगा। यूएफा ने 36 क्लबों के लिए प्राइज पूल में 2.8 बिलियन डॉलर (करीब 23 हजार 500 करोड़ रुपए) की प्राइज मनी रखी है, जो पिछले सीजन की तुलना में 25 ज्यादा है। विजेता को 177 मिलियन डॉलर (करीब 1490 करोड़ रुपए) से ज्यादा मिलने की उम्मीद है। लीग फेज में प्रति मैच जीत के लिए 19 करोड़ रुपए और प्रति ड्रॉ के लिए 6.5 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। हर नॉकआउट राउंड में आगे बढ़ने पर टीम को बोनस के रूप में 100 करोड़ रुपए की राशि मिलेगी। टीमों के ऐतिहासिक रिकॉर्ड और नेशनल व ग्लोबल ब्रॉडकास्ट डील के आधार पर करीब 8 हजार करोड़ रुपए का एक्सट्रॉ प्राइज फंड भी दिया जाता है।

# विराट कोहली से ज्यादा टेस्ट छक्के है यशस्वी जायसवाल

नई दिल्ली, 17 सितंबर। टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड वीरेंद्र सहवाग के नाम दर्ज है। सहवाग ने 103 टेस्ट मैचों में कुल 90 छक्के लगाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने अभी तक 59 टेस्ट मैचों में 84 छक्के लगाए हैं।

टीम इंडिया के मौजूदा बैटर्स और ऑलराउंडर्स की बात करें तो सबसे ज्यादा छक्के रोहित के बल्ले से ही निकले हैं, लेकिन यहां मजेदार बात यह है कि भारत की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर्स की लिस्ट में विराट कोहली टॉप-15 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं हैं। इतना ही नहीं मौजूदा टीम की बात करें तो रोहित, रविंद्र जडेजा, ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल ने ही विराट से ज्यादा छक्के लगा दिए हैं। इंडिया वर्सेस बांग्लादेश दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 19 सितंबर से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाना है।

पहले टेस्ट के लिए भारतीय स्क्वॉड: रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, शुभमन गिल, केएल राहुल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, ऋषभ पंत, आकाशदीप, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, यश दयाल।

किसने ठोके हैं कितने छक्के

चलिए अब नजर डालते हैं कि मौजूदा स्क्वॉड में किसने कितने टेस्ट छक्के लगाए हैं। रोहित शर्मा 84 छक्कों के साथ सबके बॉस हैं, इसके बाद यशस्वी की बात करें तो उन्होंने 9 टेस्ट मैचों में ही 29 छक्के लगा लिए हैं। विराट कोहली ने 113 टेस्ट मैचों में कुल 26 छक्के लगाए हैं, वहीं शुभमन गिल ने 25 टेस्ट मैचों में कुल 24 छक्के लगाए हैं। केएल राहुल ने 50 टेस्ट मैचों में 24 छक्के जड़े हैं, तो वहीं सरफराज खान ने तीन टेस्ट मैचों में पांच छक्के उड़ाए हैं।

ध्रुव जुरेल ने तीन टेस्ट मैचों में सात छक्के लगाए हैं और ऋषभ पंत ने 33 टेस्ट मैचों में 55 छक्के ठोक डाले हैं। आकाशदीप ने एक टेस्ट मैच खेला और इसमें एक छक्का लगाया है, वहीं आर अश्विन ने 100 टेस्ट मैचों में 21 छक्के उड़ाए हैं।

रविंद्र जडेजा ने 72 टेस्ट मैचों में कुल 64 छक्के लगाए हैं। अक्षर पटेल ने 14 टेस्ट मैचों में 18 छक्के लगाए हैं, जबकि जसप्रीत बुमराह ने 36 टेस्ट मैचों में सात छक्के लगाए हैं। कुलदीप यादव ने 12 टेस्ट मैचों में एक छक्का लगाया है, जबकि मोहम्मद सिराज ने 27 टेस्ट मैचों में दो छक्के लगाए हैं। यश दयाल ने अभी तक टेस्ट में डेब्यू नहीं किया है।

# राहुल द्रविड़ से हटकर है गौतम गंभीर का स्टाइल : रोहित

नई दिल्ली, 17 सितंबर। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि हेड कोच गौतम गंभीर का काम करने का तरीका पूर्व हेड कोच राहुल द्रविड़ से काफी अलग है, लेकिन साथ ही कहा कि नए कोचिंग स्टाफ के साथ उनकी केमेस्ट्री अभी तक काफी अच्छी है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब टीम इंडिया ने जीता था और इसके साथ ही हेड कोच राहुल द्रविड़, बैटिंग कोच विक्रम राठौर और बॉलिंग कोच पारस महाम्ब्रे का कॉन्ट्रैक्ट भी खत्म हो गया था। फील्डिंग कोच टी दिलीप का भी कॉन्ट्रैक्ट खत्म हुआ था, लेकिन वह रिन्यू कर दिया गया है। द्रविड़ के बाद गंभीर भारत के नए हेड कोच बने, जबकि अभिषेक नायर असिस्टेंट कोच और साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्न मोर्कल बॉलिंग कोच बने हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से दो मैचों की टेस्ट सीरीज भारत होस्ट कर रहा है। पहले टेस्ट मैच से दो दिन पहले कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेन्स में नए कोचिंग स्टाफ को लेकर भी किए गए सवालों के जवाब दिए।

रोहित से जब इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'निश्चित तौर पर राहुल भाई, विक्रम राठौर और पारस महाम्ब्रे की अलग टीम थी, और यह तो होता ही है कि नया कोचिंग स्टाफ नए नजरिए के साथ आएगा। लेकिन नए कोचिंग स्टाफ के साथ हमने जो श्रीलंका में मैच खेले, वे अच्छे रहे, नया कोचिंग स्टाफ समझदार है और अंडरस्टैंडिंग भी है। ये नया सपोर्ट स्टाफ जरूर है, लेकिन मैं गौतम गंभीर और अभिषेक नायर को लंबे समय से जानता हूं। हर सपोर्ट स्टाफ का अपना काम करने का एक तरीका होता है, और हमें इसकी उम्मीद थी।' रोहित ने आगे कहा, 'मैंने अपने 17 साल के करियर में कई अलग-अलग कोचों के साथ काम किया है, यह समझना जरूरी है कि सबके नजरिए अलग होते हैं और क्रिकेट को लेकर सबकी एक खास समझ होती है। यह जरूरी है कि हम उसके साथ एडजेस्ट करें।

# विश्व शतरंज को लेकर डिंग लिरेन का बयान, कहा– गुकेश जीत के दावेदार, मेरे खेल में गिरावट आयी

नई दिल्ली, 17 सितंबर। गत चैंपियन डिंग लिरेन का मानना है कि नवंबर में होने वाले विश्व शतरंज के खिताब के लिए उनके भारतीय चैलेंजर डी गुकेश जीत के दावेदार हैं। डिंग लिरेन का मानना है कि, पिछले एक साल में उनके खेल में काफी 'गिरावट आयी है। बता दें कि, लिरेन और गुकेश इस समय यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, विदित गुजराती और अर्जुन एरिगैसी की चौकड़ी से सजी भारतीय टीम वर्तमान में लिरेन के चीन और मेजबान हंगरी के साथ शीर्ष स्थान पर है। लिरेन ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के द्वारा आयोजित बातचीत में कहा, "मैं अपने प्रतिद्वंद्वी (गुकेश) को इस टूर्नामेंट में बहुत अच्छा खेलते हुए देख रहा हूं। वह विश्व चैम्पियनशिप में शायद मुझ से ज्यादा जीत का दावेदार है। अभी उसकी रेटिंग भी मुझसे अधिक है।"

उन्होंने कहा, "पिछले साल के मुकाबले में मेरे खेल में काफी गिरावट आयी है लेकिन लेकिन मैं रेटिंग के अंतर को पाटने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।" चीन का 31 साल का यह खिलाड़ी सर्वकालिक सर्वोच्च रेटिंग हासिल करने वाला शतरंज खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले साल मई में रूस के ग्रैंडमास्टर इयान नेपोमनियाचची को हराकर वैश्विक खिताब का ताज जीता था। उन्हें हालांकि इसके बाद अवसाद से जूझने के कारण खेल से ब्रेक लेना पड़ा।



लिरेन ने इस साल की शुरुआत में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में वापसी की और प्रतियोगिता में नौवें स्थान पर रहे। गुकेश ने अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और 17 साल की उम्र में विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बने थे। वह मई में 18 साल के हो गए। प्रतिष्ठित खिताब और 2.50 मिलियन डॉलर (लगभग 21 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि के लिए दोनों 20 नवंबर से 15 दिसंबर तक सिंगापुर में भिड़ेंगे।

गुकेश अगर यह खिताब जीतने में कामयाब रहे तो वह महान विश्वनाथन आनंद के बाद चैम्पियन बनने वाले पहले भारतीय बनेंगे। आनंद ने अपने शानदार करियर में पांच बार यह ताज जीता। गुकेश विश्व चैंपियनशिप के लिए अपनी योजनाओं का खुलासा करने से बचते रहे हैं। उन से जब लिरेन के खिलाफ मैच के बारे मे पूछा गया तो उन्होंने मौजूदा टूर्नामेंट के बारे में बात करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। मैं बेहतर शतरंज खेलने की उम्मीद कर रहा हूं। मेरा ध्यान अभी ओलंपियाड पर है।"

# क्रिकेट में होगी हॉलीवुड की एंट्री, सुपरस्टार बन सकता है इस टीम का मालिक

नई दिल्ली, 17 सितंबर। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के टूर्नामेंट द हंड्रेड में जल्द ही हॉलीवुड के एक सुपरस्टार एक्टर की एंट्री हो सकती है, जो लीग की एक टीम का मालिक बन सकता है। ईसीबी ने इस टूर्नामेंट की शुरुआत खुद ही 6 टीमें बनाकर की थीं लेकिन अब इनमें हिस्सेदारी बेचने जा रही है और इसके लिए एक्टर रयान रेनॉल्ड्स से भी बात की गई है। कनाडाई सुपरस्टार रेनॉल्ड्स और उनके दोस्त अमेरिकी एक्टर रॉब मैकेल्हेनी द हंड्रेड में वेल्स की टीम वेल्श फायर में हिस्सेदारी खरीदने के लिए संपर्क किया गया है। वेल्स के ग्लेमॉर्गन काउंटी क्रिकेट क्लब के अधिकारी डैन चेरी ने कहा कि डेडपूल फिल्म स्टार रेनॉल्ड्स और उनके साथी मैकेल्हेनी से वेल्श फायर का हिस्सा बनने के लिए बात हुई है। ईसीबी की योजना के तहत वेल्श फायर में 51 फीसदी हिस्सा तो ग्लेमॉर्गन के पास रहेगी और बचे हुए 49 पर्सेंट के लिए रेनॉल्ड्स समेत कई खरीदारों सेबातकीगईहै।